

# स्वैच्छिक सेवा VOLUNTARY SERVICE से हम बने सबके प्रिय!

घर, परिवार, समाज में हमारे आस-पास हर समय कोई न कोई किसी परेशानी, कष्ट, दर्द मे होता है, चाहे वो घर में दादी या माँ को बहुत सारे काम का बोझ हो, घर की साफ-सफाई से थकान या दादा-पापा को शरीर में दर्द, आस पड़ोस में कोई बीमारी या भूख से परेशान, गली मोहल्ले मे कोई चोटिल, घायल जानवर । इन सब चीजों को हम रोज अपने आस-पास देखते है, तो क्यों न हम ऐसा कुछ करे जिससे इनके कुछ काम कम व आसान बन पाये, चाहे वो घर की सफाई में हाथ बंटाना या कुछ कपड़े या बर्तन साफ करना या फिर पापा-दादा के हाथ पैर दबाना । ये सारे काम आपको कोई बोलेगा नहीं आप खुद अपनी इच्छा से सेवा कर सकते है। चाहे तो आस-पास कोई बीमार हो तो उसकी सेवा करना, किसी चोटिल भुखे जावनर को खाना खिलाना या फिर अपने घर के आस पास गली महोल्ले की सफाई करना, ये सभी काम आपको खुद से अपनी इच्छा से करना चाहिये ताकि आपके आस पास कुडा-गन्दगी न रहे व सभी स्वस्थ रहे व आपका घर महोल्ला साफ और सुन्दर दिखे या फिर माह (*MONTH*) मे एक बार कुछ खाना असमर्थ व असहाय को दे वो खुद का ईकट्टा टॉफी BISCUTS कुछ भी दे।

घर में कोई शादी, त्योहार हो तो घर के काम में हाथ बटाना ये सारे काम तो बहुत छोटे-छोटे है पर ये सभी आपके जीवन में ऐसी शिक्षा (EDUCATION) देंगे जो किसी SCHOOL / COLLEGE में नहीं मिल सकती। ये सभी नि:स्वार्थ सेवा आपको जीवन में आगे चलकर एक अच्छा इन्सान, एक अच्छा LEADER व एक ऐसा व्यक्ति बन सकेंगे जिसे सभी पसन्द करेंगे व सभी आपको जानेगे व आपका सम्मान (RECPECT) करेंगे। सेवा आप सभी को नि:स्वार्थ करनी चाहिये।

**सेवा करोगे तो मेवा मिलेगा।**